हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार, 5 नवंबर 2025

12 नीना मंडी में 10354 गेट पास जारी 3.20 लाख...



12 हकेंवि में नेशनल पेंशन स्कीम पर जागरूकता



Under the aegis of RPS Education Society, M/Garh
RPS COLLEGE OF VETERINARY SCIENCES Approved by VCI / Govt. of India & Affiliated to LUVAS, Hisar
Salient Features
Functional Multi-Speciality VCC
X-Ray, Ultrasound & Diagnostic Labs
Well established Animal Farm
Indoor & Outdoor games facilities
World Class Infrastructure
AC Class Rooms
8th Milestone Balana, Mahendergarh, Hr.
01285-241430, 8222888337, 9812008844
Contact Directly For Admissions With Documents
2 Year Diploma Course
VLDD COURSE
Eligibility:- Must have passed XII in Any Stream
(A Govt. Job Oriented Diploma)
90 SEATS 45 SEATS STATE QUOTA 45 SEATS MANAGEMENT QUOTA
GOVT. APPROVED FEES ONLY
5 ½ Year Degree Course
B.V.Sc. & A.H.
Must have passed XII in Medical Stream & a valid NEET-2025 Score
80 SEATS 40 SEATS STATE QUOTA 40 SEATS MANAGEMENT QUOTA
LIMITED SEATS LEFT

## खबर संक्षेप

### देव दिवाली पर्व का आयोजन आज

**नारनौल।** प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से देव दिवाली पर्व का आयोजन पांच नवंबर को चामुंडा देवी मंदिर में किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि भारतीय संस्कृति व परंपराओं के संरक्षण की दिशा में यह आयोजन नगर के धार्मिक व सांस्कृतिक जीवन में नई चेतना का संचार करेगा। 11 हजार दीप प्रज्वलित कर परिसर को दिव्य प्रकाश से आलोकित किया जाएगा। कार्यक्रम का संयोजन ट्रस्टी भीमसेन शर्मा करेंगे। मां चामुंडा देवी धर्मार्थ ट्रस्ट विशिष्ठ सहयोगी के रूप में सेवा देगा।

### करीरा में प्रतिमा अनावरण समारोह कल

**कनीना।** गांव करीरा में छह नवंबर को एडवोकेट संत कुमार के दादा गोकल चंद व दादी भगवानी देवी की मूर्ति का अनावरण समारोह आयोजित किया जाएगा। लालसिंह ने बताया कि करीरा से गोठडा मार्ग पर आयोजित होने वाले समारोह को लेकर पांच नवंबर रात्रि को जागरण किया जाएगा। जिसमें गायक कलाकार धार्मिक भजनों की प्रस्तुती देंगे। छह नवंबर को सुबह मूर्ति अनावरण से पूर्व हवन किया जाएगा। इसके भंडारे का आयोजन होगा।

### सैनी धर्मशाला में रक्तदान शिविर 10 को

**नारनौल।** किशनलाल एवं जनकल्याण समिति एवं सैनी सभा के संयुक्त तत्वाधान में युवा साथी ग्रुप हरियाणा व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन 10 नवंबर को रेवाड़ी रोड स्थित सैनी धर्मशाला में किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए दुर्गा पूजा महोत्सव संस्था के संस्थापक संजय सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसायटी, नागरिक अस्पताल ब्लड बैंक का विशेष सहयोग रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ओमप्रकाश यादव होंगे। इसके अलावा भाजपा के जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव शिरकत करेंगे।

### विष्णु भगवान मंदिर में सुंदरकांड पाठ आज

**महेंद्रगढ़।** रेलवे रोड स्थित श्री विष्णु भगवान मंदिर में पूर्णिमा के शुभ अवसर पर एक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन पांच नवबंर को रात्रि 8:00 बजे से किया जाएगा। मंदिर प्रभारी शंकर ने बताया कि मंदिर में प्रतिमाह पूर्णिमा के अवसर पर भक्ति भाव से ओत-प्रोत संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाता है, जिसमें भक्त बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ भाग लेते हैं।

## 11 तक प्राचार्य के कार्यशैली की सौंपनी होगी जांच रिपोर्ट

# नांगल चौधरी स्कूल एनसीसी विवाद: डीसी ने बनाई कमेटी

**प्राचार्य की स्वीकृति नहीं मिलने से एनसीसी के अटके दाखिले**

**अभिभावक व प्राचार्य के बीच टकराव होने पर उपायुक्त ने लिया संज्ञान, कमेटी ने मांगे दस्तावेज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य बस्तीराम पर एनसीसी के दाखिलों की स्वीकृति नहीं देने के आरोप हैं। जिस कारण अभिभावक व प्राचार्य में टकराव की स्थिति बनी हुई है। स्कूल के सामने सोमवार की सुबह महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य पर अनियमिताएं बरतने के आरोप लगाए गए। शिकायत मिलने पर तहसीलदार की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया। जिसे 11 नवंबर तक प्राचार्य के कार्यशैली की जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

*▶▶ स्कूल के सामने सोमवार की सुबह महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य पर अनियमिताएं बरतने के आरोप लगाए गए। शिकायत मिलने पर तहसीलदार की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया।*



**नांगल चौधरी।** महापंचायत के प्रतिनिधियों से पूछताछ करती जांच कमेटी की इंचार्ज निशा श्योराण। फोटो: हरिभूमि

### कमेटी ने प्राचार्य से रिकॉर्ड तलब किया

आपको बता दें कि नांगल चौधरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनसीसी के 50 दाखिले स्वीकृत हैं। जिसके लिए लिखित परीक्षा के साथ शारीरिक दक्षता की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। सफल रहने वाले कैडेटों को ग्रेड ए प्रमाण पत्र देने का प्रावधान है। जिसके आधार पर उच्च शिक्षण संस्थाओं में बोनस अंक तथा नौकरियों में विशेष छूट मिलने का प्रावधान है। नांगल चौधरी स्कूल में जनवरी व फरवरी में दाखिले होने थे, इसके लिए एनसीसी अधिकारियों ने प्राचार्य से स्वीकृति पत्र मांगा था, लेकिन प्राचार्य ने पत्र को अस्वीकार करते हुए विभाग को एनसीसी चलाने में असमर्थता का पत्र लिख दिया। सूचना मिलने पर कई अभिभावकों ने प्राचार्य से संपर्क किया तथा यूनिट को चालू रखने की गुहार लगाई। इसके अलावा स्टॉफ कर्मियों ने भी एनसीसी को बहाल रखने का सुझाव दिया, लेकिन प्राचार्य ने अपना फैसला नहीं बदला। इसके बाद एनसीसी विभाग ने यूनिट को तोड़ने की प्रक्रिया आरंभ कर दी। जिसकी भनक लगने पर अभिभावकों ने महापंचायत का आयोजन किया तथा प्राचार्य को दोबारा से निर्णय लेने को कहा। सहमति नहीं बनने पर जिला शिक्षा अधिकारी से संपर्क किया। उन्होंने विद्यार्थियों की इच्छा को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। जिससे सहमत हुई महापंचायत ने विद्यार्थियों को एनसीसी में दाखिले के लिए आमंत्रित किया। जिस पर 100 से अधिक विद्यार्थियों ने एनसीसी यूनिट में प्रवेश लेने की इच्छा जताई। सभी आवेदकों की शारीरिक व लिखित परीक्षा कराई गई। जिसमें 49 आवेदकों को उत्तीर्ण घोषित किया। जिनमें मेरिट के आधार के पर 41 विद्यार्थियों को एनसीसी यूनिट में शामिल किया जाना है, लेकिन चयन प्रक्रिया पर प्राचार्य के हस्ताक्षर होने हैं, जिसके इंकार करने पर उपायुक्त ने तहसीलदार की अध्यक्षता में कमेटी बना दी। जिसमें बीईओ सुनीता यादव व थाना इंचार्ज को शामिल किया गया है। स्कूल में पहुंची कमेटी ने प्राचार्य से रिकॉर्ड तलब किया है और जांच प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

### थाने में पहुंची शिकायत

महापंचायत में शामिल सात प्रतिनिधियों के खिलाफ प्राचार्य ने सोमवार की देर शाम थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें अभद्रता व विवाद को भड़काने के आरोप लगाए गए हैं। इसके बाद अभिभावकों व शहर के प्रबुद्धजनों की तरफ से थाने में प्राचार्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। विवाद बढ़ने से विद्यार्थियों की पढ़ाई व्यवस्था बाधित बनी हुई है।

### कल जांच करेगी कमेटी

स्कूल में पहुंची कमेटी की इंचार्ज तहसीलदार निशा श्योराण ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायतों का अवलोकन कर लिया है। विवाद की जांच के लिए छह नवंबर को की जाएगी। जिसमें प्राचार्य के अलावा शिक्षक व अभिभावकों को शामिल किया जाएगा। जांच की रिपोर्ट 11 नवंबर तक उपायुक्त को भेज दी जाएगी। उन्होंने प्रबुद्धजनों से शांति व्यवस्था बनाए रखने का आग्रह किया है।

## दुर्घटना में बाइक सवार 22 वर्षीय युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नेशनल हाईवे पर खानपुर के पास डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे करीब 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक पशुओं के लिए फीड लाने के लिए जा रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमॉर्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।



ढाणी कुंभावाली तन नांगल कालिया निवासी करीब 21 वर्षीय अनिश यादव बाइक से पालतु पशुओं के लिए फीड लेने नारनौल गया था। दोपहर के समय जब वह वापस नारनौल से अपने गांव जा रहा था, तब नेशनल हाईवे नंबर 148 बी पर गांव खानपुर के पास एक डंपर तेज गति से आया तथा पीछे को बाइक को टक्कर मार दी, जिससे अनिश यादव सड़क पर गिर गया। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से भाग गया। टक्कर लगने से अनिश यादव को सिर पर काफी चोटें लगी। जिस पर एम्बुलेंस को फोन कर बुलाया। एम्बुलेंस से अनिश को नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डाक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। अनिश नांगल चौधरी कॉलेज में बीए फाइनल का छात्र था। उसने घर पर कई पालतु पशु पाल रखे थे। अनिश के पिता कृष्ण यादव दिल्ली पुलिस में कार्यरत हैं और वह दो भाईयों में बड़ा था। इस दुर्घटना से परिवार में शोक छाया हुआ है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करने उपरांत शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम कराने उपरांत उसे परिजनों को सौंप दिया, जिस पर ग्रामीणों ने अनिश का गांव के श्मशान में उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से पाथेड़ा के व्यक्ति की मौत

**महेंद्रगढ़।** ग्रीन कोरिडोर 152डी पर गांव पाथेड़ा निवासी एक व्यक्ति की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संदीप कुमार नामक व्यक्ति ने तीन नवंबर को पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। उन्होंने बताया कि उनके पिता गांव से 152 रोड होते हुए नारनौल जा रहे थे। संदीप ने उन्हें धनौंदा 152डी रोड पर छोड़ दिया था और उसके बाद वह पैदल बुचावास कट की ओर जा रहे थे। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी राहगीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। संदीप कुमार ने बताया कि वह सुबह अपने व्हाट्सएप ग्रुप से एक्सीडेंट की सूचना प्राप्त करने के बाद सरकारी अस्पताल महेन्द्रगढ़ पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उनके पिता को मृत घोषित कर दिया। संदीप कुमार ने आरोप लगाया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चोरी में संलिप्त 3 आरोपित व खरीददार सहित 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

पुलिस ने चोरी के एक बड़े मामले को सुलझाते हुए तीन आरोपितों व चोरी का सामान खरीदने वाले एक आरोपित समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन गिरफ्तारियों के साथ ही चोरी की गई चांदी व भारी मात्रा में आर्टिफिशियल गहने भी बरामद किए हैं। साथ ही 35 हजार रुपये की नकदी भी बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 30 अक्टूबर को आरोपित मोहित, आदित्य व 31 अक्टूबर को आरोपित हेमंत को महेंद्रगढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार किया। रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपितों ने खुलासा किया कि उन्होंने चोरी का माल कहां बेचा था। आरोपितों से पुलिस ने 15 हजार की नकदी बरामद की। आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने एक नवम्बर को पंजाब के तलवंडी साबौ (जिला मानसा) से कुलविंद्र को भी गिरफ्तार किया, जिसने चोरी का सामान खरीदा था। जिसके पास से पुलिस ने चांदी व 20 हजार रुपये बरामद किए। इस मामले में पुलिस ने दो चांदी के कड़े व अन्य आर्टिफिशियल गहने भी बरामद किए हैं। शिकायतकर्ता माया देवी निवासी मोहल्ला खटीकान ने शिकायत दर्ज कराई कि 24 व 25 सितंबर की मध्य रात्रि को अज्ञात चोर उसके मकान के पीछे से दीवार फांद कर उसके घर में घुस गए और कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखा लोहे का बक्सा चोरी कर ले गए। बक्से में सोने चांदी के जेवरात व अन्य कागजात थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- चांदी, भारी मात्रा में आर्टिफिशियल गहने व 35 हजार रुपये की नकदी बरामद



**महेंद्रगढ़।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो: हरिभूमि

### वार्ड नं 20 में मोटर खराब होने से पानी की परेशानी

**नारनौल।** शहर के वार्ड नंबर 20 स्थित मोहल्ला देवस्थान, काबिल संघीवाड़ा, बड़का कुआं व गुरु नानकपुरा में पिछले कई दिनों से पीने के पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। जानकारी के अनुसार इन मोहल्लों में पानी की सप्लाई की व्यवस्था मोहल्ले में बने हुए बूस्टिंग स्टेशन से होती है, लेकिन हाल के दिनों में बूस्टिंग स्टेशन पर लगी मोटर बार-बार खराब होने के कारण स्थानीय निवासियों को पेयजल की भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व पार्षद घनश्याम दास शर्मा उर्फ लाला कहना है कि जब भी पानी की सप्लाई में रुकावट आती है और ऑपरेटर से पूछताछ की जाती है तो जवाब मिलता है कि मोटर खराब है। उसे ठीक होने में समय लगेगा। इस प्रकार करीब पांच दिन पहले भी मोटर खराब होने के चलते पानी की सप्लाई कई दिनों तक बाधित रही थी। अब मोटर के फिर से खराब होने की वजह से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। पूर्व पार्षद ने बताया कि बार-बार मोटर के खराब होने से मोहल्ले निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस समय समस्या का स्थाई समाधान किया जाए।

## चिंडालिया में सोए व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितयों में आग लगने से मौत

- महाराष्ट्र में जिंदल कंपनी में ड्राइवर के पद पर कार्यरत था मृतक
- मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

गांव चिंडालिया में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से करीब 44 वर्षीय रामशरण लांबा की दर्दनाक मौत हो गई। वह महाराष्ट्र में जिंदल कंपनी में ड्राइवर के पद पर कार्यरत था तथा कुछ दिनों से अपने गांव आया हुआ था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया।

चिंडालिया निवासी करीब 44 वर्षीय रामशरण महाराष्ट्र के कालागढ़ में जिंदल कंपनी में ड्राइवर के पद पर कार्यरत था। वह ट्रक चलाता था तथा अविवाहित था। वह महाराष्ट्र में ही रहता था। बीते कुछ दिनों से वह यहां अपने घर पर आया हुआ था। रात को वह अपने घर पर कमरा बंद करके सोया था। सुबह जब परिजन उठे तो कमरे से धुआं निकलता दिखाई दिया। इस पर परिजनों ने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो रामशरण बुरी तरह झुलसा हुआ मिला। जिस पर परिजन उसको तुरंत नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए लेकर आए, मगर वहां पर चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद सूचना पुलिस को दी गई।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची गहली पुलिस ने परिजनों के बयान पर इत्तफाकिया हादसे की कार्रवाई करते हुए शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। आगजनी में कमरे के अंदर रखा तिरपाल, चारपाई एवं प्लास्टिक की कुर्सी इत्यादि जल गए।



**नारनौल।** मकान के अंदर लगी आग। फोटो: हरिभूमि



**नारनौल।** सांसद खेल महोत्सव को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम अनिरुद्ध यादव। फोटो: हरिभूमि

### एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक

**नारनौल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया व फिट इंडिया अभियान के तहत नौ नवंबर को नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सांसद चौधरी धर्मबीरसिंह के मार्गदर्शन में होने वाले इस खेल महोत्सव को लेकर मंगलवार को एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम के आसपास व बेहतर तरीके से साफ सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की सहूलियत के लिए मैदान में सभी प्रकार की तैयारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं में खेल भावना और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में इस कार्यक्रम को भव्य तरीके से संपन्न करवाया जाए। इस बैठक में इवेंट्स कोऑर्डिनेटर सुधीर चांदवास भी मौजूद थे।

### बिहार चुनाव में धीरज तोबड़ा को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**मंडी अटेली।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी ने अटेली क्षेत्र के युवा नेता धीरज तोबड़ा को बेनीपट्टी विधानसभा क्षेत्र जोन नंबर एक का जोन प्रभारी एवं सहप्रभारी नियुक्त किया है। धीरज लंबे समय से कांग्रेस पार्टी के सक्रिय सदस्य के रूप में संगठनात्मक कार्यों में लगे हुए हैं। उनके अनुभव और समर्पण को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। धीरज सिंह अब बिहार जाकर कांग्रेस पार्टी की स्थिति को मजबूत करने में जुटेंगे। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से बिहार चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि कांग्रेस की जीत से बिहार में विकास की नई राह खुलेगी और जनता को एक बेहतर शासन मिलेगा।

## पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक असर के चलते तापमान में हल्की बढ़ोतरी

# जिले में फिर खराब श्रेणी में पहुंचा वायु प्रदूषण, एक्यूआई 216

*▶▶ मौसमी प्रणाली के आगे निकलने के बाद आएगी तापमान में गिरावट, आमजन को होगा ठंड का अहसास*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मौसम व वायु प्रदूषण की स्थिति में बदलाव आया है। पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक असर से बादलवाही के कारण तापमान में हल्की बढ़ोतरी हुई है, लेकिन फिर से एक्यूआई खराब श्रेणी में पहुंच गया है। जिले में हवाओं की दिशा में बदलाव के कारण वायु प्रदूषण में गिरावट आई है। जिले में पांच नवंबर को पश्चिमी विक्षोभ का आंशिक प्रभाव रहेगा। जिसके चलते बादल छाए रहेंगे तथा कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। जिससे तापमान में हल्की उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। इसके जैसी ही यह मौसमी प्रणाली आगे निकल जाएगी, तापमान में गिरावट आने से ठंड बढ़ने के साथ ही वायु प्रदूषण के स्तर में भी बदलाव आ सकता है।

बता दें कि दीपावली के बाद जिले में वायु प्रदूषण बहुत ही खराब स्थिति में पहुंच गया था, लेकिन इसके बाद हवाओं की दिशा में बदलाव आने से धीरे-धीरे इसमें सुधार हुआ था। लेकिन इसके बाद फिर से वायु प्रदूषण खराब स्थिति में पहुंच गया है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। जिला महेंद्रगढ़ में एक्यूआई एक नवंबर को 215, दो नवंबर को 216, तीन नवंबर को 217 व चार नवंबर को 216 दर्ज किया गया। वहीं जिले में तापमान नारनौल का अधिकतम 30.5 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 14.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि महेंद्रगढ़ में अधिकतम तापमान 29.9 डिग्री सेल्सियस व न्यनूतम तापमान 15.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### आगामी दिनों में तापमान में देखने को मिलेगी गिरावट

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र मोहन ने बताया कि दीपावली पर्व के बाद वायु गुणवत्ता सूचकांक में सुधार देखने को मिल रहा था, लेकिन धीरे-धीरे वायु गुणवत्ता सूचकांक में गिरावट देखने को मिल रही है। मंगलवार को जिला महेंद्रगढ़ में वायु गुणवत्ता सूचकांक 216 दर्ज किया गया है, जो खराब श्रेणी में आता है, ऐसे में एक्यआई ऑरेंज जोन में पहुंच गया है। वहीं एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। मंगलवार को विशेषकर हरियाणा के सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, कैथल, जींद जिलों में हल्की बारिश व बूंदाबांदी दर्ज की गई। इस दौरान उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी जारी है। छह नवंबर को भी इस मौसम प्रणाली का असर हरियाणा के उत्तरी जिलों में देखने को मिलेगा, जबकि शेष हरियाणा एनसीआर दिल्ली में कहीं कहीं आंशिक बादलवाही व छिट-पुट बूंदाबांदी की संभावना है। इसके बाद सात नवंबर को जैसे ही यह मौसम प्रणाली आगे निकल जाएगी, वैसे ही हवाओं की दिशा में बदलाव से सम्पूर्ण हरियाणा एनसीआर दिल्ली में दिन व रात के तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी।




# रोमांस के बाद एडल्ट कॉमेडी लेकर आए मिलाप जावेरी

**मंबई।** रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी की एडल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइजी मस्ती का चौथा भाग 'मस्ती 4' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 3 मिनट 4 सेकंड के इस ट्रेलर को देखकर पता चलता है कि फिल्म का कॉन्सेप्ट एक बार फिर एडल्ट कॉमेडी ही है। जहां फिल्म के तीनों प्रमुख कलाकार रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी एडल्ट जोक मारते नजर आएंगे। ट्रेलर में भी कई तरह के एडल्ट जोक सुनाई दे रहे हैं। मस्ती 4 का निर्देशन रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' फेम निर्देशक मिलाप जावेरी ने किया है।

लाइफ Style



# यामी

## मेरे लिए दर्शक ही सबसे बड़ा पुरस्कार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म हक को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। हक अपनी रिलीज के करीब है और यामी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। विकी डोनर से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली यामी गौतम ने अपने कॅरियर में कई सराहनीय भूमिकाएं भी निभाईं हैं।

अब यामी ने कोई बड़ा अवॉर्ड न जीत पाने पर कहा कि इन पुरस्कारों को खोना उन्हें परेशान नहीं करता। इस दौरान भगवत गीता का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि जितना मैंने भागवत गीता को समझा है, भगवान कृष्ण ने अर्जुन से जो कहा वह सच है। ऐसा नहीं है कि मैं सबसे आदर्श इंसान की तरह इतनी अलग हो गई हूं, लेकिन अगर आपमें सफलता और हारने के डर से अलग होने या किसी और के नजरिए से मान्यता पाने की क्षमता है, तो आप ठीक हैं। मैंने किसी से किसी भी तरह की मान्यता लेना बंद कर दिया है। अगर अवॉर्ड मिलता है तो मैं बहुत अच्छी एक्ट्रेस हूं, वरना शायद नहीं हूं। ऐसा मेरे साथ बिल्कुल भी नहीं है। साल 2013 में आई अपनी पहली फिल्म विकी डोनर के लिए यामी ने बेस्ट डेब्यू फीमेल के कई अवॉर्ड जीते थे। लेकिन, उसके बाद कई बड़े अवॉर्ड्र्स में नामित होने के बाद भी, यामी उन्हें जीत नहीं पाईं। इस पर अभिनेत्री ने कहा कि अब वह दर्शकों की प्रतिक्रिया से अपनी मान्यता लेती है। मेरे दर्शक मुझे प्यार करते हैं, कुछ निर्देशक और निर्माता मुझ पर दांव लगाने को तैयार हैं, इससे बड़ा पुरस्कार मेरे लिए क्या है। बाकी सब आना जाना है। लेकिन अगर यह किसी को खुश करता है, तो बढ़िया।

हॉलीवुड मसाला



# जोनाथन को मिला अजीब टाइटल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन बेली को पीपल मैगजीन ने सेक्सिएस्ट मैन अलाइव 2025 का खिताब दिया है। यह जानकारी सोमवार को जिमी फॉलन के शो में शेयर की गई। इस बात की जानकारी जब जोनाथन बेली को लगी तो उन्होंने अपना रिएक्शन दिया। जिमी फॉलन के शो में ब्रिटिश एक्टर जोनाथन बेली ने बताया कि अपने नए खिताब की जानकारी उन्हें साल की शुरुआत में मिली। वह मजाकिया अंदाज में कहते हैं, मैं खुश हूं कि 2025 में पीपल मैगजीन ने मुझे इस खिताब के लिए चुना। मैं इस अचीवमेंट की कद्र करता हूं।



# चाइनाटाउन और वाइल्ड हार्ट से जीता दर्शकों का दिल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस डायने लैड अब इस दुनिया में नहीं हैं। 200 से अधिक फिल्मों में काम करने वाली अमेरिकी एक्ट्रेस का 89 साल की उम्र में निधन हो गया है। चाइनाटाउन और वाइल्ड एट हार्ट जैसी फिल्मों से दिल जीतने वाली डायने लैड के निधन ने हर किसी को सदमे में डाल दिया है। तीन बार ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन पा चुकीं एक्ट्रेस की बेटी लॉरा डर्न ने मां के निधन की पुष्टि करते हुए दुखद खबर शेयर की है। लॉरा डर्न ने मां को अद्भुत अभिनेत्री और मां के रूप में एक उपहार बताया है। डायने लैड का वायरल हो रहा आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट कई हफ्ते पहले, 17 सितंबर, 2025 का है। इसमें उन्होंने फैंस के साथ यह खबर शेयर की थी कि उनकी 2020 की फिल्म 'द लास्ट फुल मेजर' को कई प्लेटफार्मों पर ओटीटी रिलीज मिली है।



# एक बार फिर अपराध को मिटाने निकलीं

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स की हिट सीरीज 'दिल्ली क्राइम' अपने नए सीजन के साथ वापस लौट रहा है। अब इस सीरीज के तीसरे सीजन का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज किया गया है। जिसे देखकर पता चलता है कि इस बार कहानी पिछले दोनों सीजन से ज्यादा इंटेंस और खतरनाक होने वाली है। इस बार डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी (शेफाली शाह) का मुकाबला हुमा कुरैशी से होगा। तीसरे सीजन में कहानी दिल्ली से आगे निकलती है। 2 मिनट 31 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि देश के अलग-अलग राज्यों की लड़कियों की तस्करी की जा रही है। इन लडकियों के बेचने का काम हुमा (बड़ी दीदी) करती हैं। इस गिरोह का पर्दाफाश करने की जिम्मदारी शेफाली (डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी) को मिलती है। बड़ी दीदी को पकड़ने के लिए डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी अपनी टीम के साथ लग जाती हैं।



# हिंदी फिल्म में काम करेंगे दग्गुबाती

**मुंबई।** बाहुबली फेम अभिनेता व निर्माता राणा दग्गुबाती की प्रोडक्शन कंपनी स्पिरिट मीडिया ने अपनी पांच आगामी फिल्मों की घोषणा कर दी है। सबसे खास बात कि इस लिस्ट में राणा दग्गुबाती के प्रोडक्शन हाउस की पहली हिंदी फिल्म भी शामिल है। इसमें बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी नजर आएंगे। राणा दग्गुबाती के स्पिरिट मीडिया की पहली हिंदी फिल्म अरविंद अडिगा के लोकप्रिय उपन्यास 'लास्ट मैन इन टावर' का रूपांतरण होगी। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी प्रमुख भूमिका में होंगे। इस फिल्म का निर्देशन अमेरिकी निर्देशक बेन रेखी करेंगे, जिन्होंने पहले आश्रम (2018) और वॉच लिस्ट (2019) का निर्देशन किया था। फिल्म की कहानी भारत की पृष्ठभूमि में नैतिक समझौतों, महत्वाकांक्षाओं और मानवीय रिश्तों की नाजुकता को दर्शाती है।

टीवी मसाला



# मॉर्डन लव की जर्नी दिखाएगा शो स्प्लिट्सविला एक्स-6

**नई दिल्ली।** सीरियल 'कितनी मोहब्बत है' से करण कुंद्रा को पॉपुलैरिटी मिली। इसके बाद वह कई टीवी सीरियल का हिस्सा बने। आगे चलकर रियलिटी शो के होस्ट के तौर पर भी नजर आए। एमटीवी के रोडीज और लव स्कूल को करण कुंद्रा होस्ट कर चुके हैं। जल्द ही वह 'स्प्लिट्सविला एक्स-6' को होस्ट करेंगे। शो में उनकी को-होस्ट सनी लियोनी हैं। 'सप्लिट्सविला एक्स-6' को लेकर करण कुंद्रा काफी एक्साइटेड हैं। एक बातचीत में कहते हैं, 'मैं 6 साल बाद एमटीवी पर वापस आ रहा हूं, यह बिल्कुल घर लौटने जैसा है। सप्लिट्सविला शो तो मुझे हमेशा पसंद है। यह शो मॉर्डन लव की जर्नी को दिखाता है। स्प्लिट्सविला के नए सीजन को सनी लियोनी के साथ होस्ट करना एक शानदार एक्सपीरियंस होगा। मैं यह देखने के लिए एक्साइटेड हूं कि कंटेस्टेंट्स क्या नए ट्विस्ट शो में लेकर लाते हैं। मुझे भरोसा है कि यह सीजन पहले से ज्यादा बोल्ड होगा, सरप्राइज से भरा होगा। करण कुंद्रा ने तनुज विरवानी को सप्लिट्सविला के नए सीजन में रिप्लेस किया है। जहां तक शो के कॉन्सेप्ट की बात है तो इसमें यंग लड़के, लड़कियां एक विला में साथ रहते हैं। यहां पर वह किसी खास शख्स के प्यार को पाने की कोशिश करते हैं। शो के दौरान कंटेस्टेंट्स को कई टास्क भी दिए जाते हैं। शो के आखिरी में एक कपल को विनर बनाया जाता है।

## बिग बॉस 19 बन गया जंग का मैदान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के अपकमिंग एपिसोड के कुछ प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। शहबाज का पारा इन वीडियो में काफी गर्म नजर आ रहा है। वह मालती चाहर और तान्या मित्तल से बहसबाजी करते



दिख रहे हैं। प्रोमो वीडियो में मालती चाहर ने शहबाज को कहा कि वह अमाल का सहारा ले रहा है। इस पर शहबाज ने मालती को दोगला कहा। शहबाज का कहना था कि कम से कम वह किसी के कंधे पर रखकर बंदूक तो नहीं चलता है। दोनों की यह बातचीत धीरे-धीरे झगड़े में बदल गई। अमाल मलिक ने बीच में आकर दोनों को चुप कराना चाहा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। एक और प्रोमो वीडियो में तान्या मित्तल को भी शहबाज ने काफी कुछ सुनाया। वह कहते हैं, 'मैं बताता हूं तान्या की सच्चाई। यह हर बात पर रोती है, लोगों को बताना चाहती है कि मैं कितनी अच्छी हूं।' आगे अशनूर ने भी तान्या पर तंज कसा कि वह सिम्पेथी कार्ड खेल रही है। पिछले हफ्ते बिग बॉस 19 से स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणीत मोरे बाहर हुए। इस हफ्ते भी कई प्रतियोगी घर से बाहर होने के लिए नॉमिनेट होंगे। इन दिनों शो में सबसे ज्यादा चर्चा में सिंगर अमाल मलिक, तान्या मित्तल और मालती चाहर हैं।

# आलिया-शर्वरी की फिल्म अल्फा की रिलीज टली

**मुंबई।** आलिया भट्ट, शर्वरी वाघ और बॉबी देओल स्टारर अल्फा की रिलीज टल गई है। वीआरएफ स्पाई यूनिवर्स की यह एक्शन एंटरटेनर पहले इसी साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी। लेकिन अब इसे अगले साल अप्रैल, 2026 तक के लिए पोस्टपोन कर दिया गया है। अब यह फिल्म 17 अप्रैल, 2026 को रिलीज होगी। बताया गया है कि फिल्म के वीएफएक्स का काम अभी बाकी है और इसे बेहतरीन विजुअल एक्सपीरियंस देने के लिए अभी और वक्त लगेगा। 'अल्फा' के साथ ही 'स्पाई यूनिवर्स' में आलिया भट्ट और शर्वरी वाघ की एंट्री होने वाली है। इस फिल्म में अनिल कपूर भी नजर आएंगे, जो हाल ही फ्रेंचाइज की फिल्म 'वॉर 2' में भी नजर आए थे। 'अल्फा' को पोस्टपोन करने का फैसला ऐसे समय आया है, जब फ्रेंचाइजी की पिछली दो फिल्में 'वॉर 2' और 'टाइगर 3' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के




मुताबिक कमाई नहीं कर पाईं। समझा जा रहा है कि मेकर्स ऐसे में सीरीज की अगली फिल्म में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। यशराज फिल्म्स के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा है,'अल्फा, हमारे लिए बेहद खास फिल्म है और हम इसे सबसे बेहतरीन सिनेमाई अंदाज में दर्शकों के सामने पेश करना चाहते हैं। हमें एहसास हुआ कि वीएफएस में पहले के अनुमान से अधिक समय लगेगा। हम इसमें कोई भी कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं और अल्फा को एक ऐसी थिएट्रिकल एक्सपीरियंस बनाना चाहते हैं, जिसे लोग याद रखें।

# किंग में शाहरुख का विलेन राघव और अभिषेक से तगड़ी भिड़ंत, बाप-बेटी मचाएंगे तबाही

*शाहरुख खान ने अपने 60वें जन्मदिन पर अपनी फिल्म 'किंग' के टाइटल को रिलीज किया। अब फिल्म से जुड़ी कुछ बातें निकलकर सामने आई हैं। इनमें सबसे बड़ी बात ये है कि फिल्म में दो टाइमलाइन होंगी। शाहरुख की लाइफ के अलग-अलग फेज दिखाए जाएंगे।*

**मुंबई।** एक रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान के 'किंग' की दो अलग-अलग टाइमलाइन होंगी। कथित तौर पर, एक्टर अपनी लाइफ के कई फेजेस में अपना किरदार निभाते नजर आएंगे। रिपोर्ट की मानें तो शाहरुख खान के किरदार का यंग वर्जन राघव जुयाल से लड़ेगा, जो कथित तौर पर एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। इस बीच, रिपोर्ट के अनुसार बड़े किंग विलन अभिषेक बच्चन से भिड़ेंगे। शाहरुख और अभिषेक कई सालों बाद फिर से पर्दे पर साथ नजर आएंगे। दोनों ने आखिरी बार कभी अलविदा ना कहना और हैप्पी न्यू ईयर में साथ काम किया था। वहीं, राघव जुयाल ने हाल ही में शाहरुख के बेटे



आर्यन खान के निर्देशन में बनी पहली फिल्म द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग से सभी को चौंका दिया था। इस फिल्म से शाहरुख की बेटी सुहाना खान बड़े पर्दे पर डेब्यू करेंगी। उन्होंने नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पिता-बेटी की इस जोड़ी के अलावा, फिल्म में अनिल कपूर, दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अरशद वारसी, जयदीप अहलावत, जीशु सेनगुप्ता, अक्षय ओबेरॉय, राघव जुयाल, अभय वर्मा और सौरभ शुक्ला भी हैं। सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया

# क्रिकेट बोर्ड के पास नहीं थे पैसे, तब इस एक्ट्रेस ने खुद उठाया पूरा खर्चा

***नई दिल्ली।** वो अक्सर कैमरे के सामने मुस्कुराती दिखती थीं। कभी क्रिकेट शो होस्ट करते हुए, कभी किसी इवेंट में अपने स्टाइल से सबका ध्यान खींचते हुए। लेकिन, किसी को नहीं पता था कि कैमरे के पीछे वो कुछ ऐसा कर रही थीं, जो इतिहास में दर्ज हो जाएगा। 2000 के दशक की शुरुआत में जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पास फंड नहीं था, तब एक टीवी स्टार और एक्ट्रेस ने चुपचाप मदद का हाथ बढ़ाया। आखिर कौन थीं वो बॉलीवुड की इनविजिबल स्पॉन्सर? अगर आप अब तक समझ नहीं पाए हैं तो आपको बता दें कि वह कोई और नहीं, बल्कि बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस मंदिरा बेदी हैं।*



### जब पैसों से नहीं दिल से हुई मदद

दरअसल, मंदिरा बेदी ने उस वक्त महिला क्रिकेट टीम को संभाला जब उनके पास जर्नी तक के पैसे तक नहीं थे। उन्होंने अपनी कमाई, यानी पूरी एंडोर्समेंट फीस, टीम को दे दी ताकि खिलाड़ी विदेश में खेल सकें, टिकट खरीद सकें और तैयारी जारी रख सकें। इतना ही नहीं, उन्होंने एक ज्वेलरी ब्रांड को भी टीम के स्पॉन्सर के रूप में जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। ये किसी फिल्मी स्क्रिप्ट जैसा था, जहां ग्लैमर वर्ल्ड की स्टार पर्दे के पीछे असली हीरो बन गईं।

### जिसने बदलाव की नींव रखी



मंदिरा बेदी की ये मदद उस समय किसी चमत्कार से कम नहीं थी। जब महिला क्रिकेट को लेकर किसी को भरोसा नहीं था, तब उन्होंने बिना किसी शोर के अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। उनकी वजह से खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिला, टीम टूटी नहीं, बल्कि और मज़बूत होती गई। वक्त बीतता गया, हालात बदले और आखिर 2006 में बीसीसीआई ने महिला क्रिकेट को अपने अधीन ले लिया। तब जाकर दुनिया को समझ आया कि कभी किसी ने चुपचाप इस सपने को ज़िंदा रखा था। मंदिरा बेदी ने बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया।

## अध्यापकों का मार्गदर्शन बच्चों के सपनों को देता उड़ान


एचडी स्कूल की पूर्व छात्रा बनी बेस्ट कैडेट।

**चरखी दादरी।** एचडी स्कूल बिरोहड़ की पूर्व छात्रा मिनी सहरावत ने दिल्ली परेड ग्राउंड में बेस्ट कैडेट का अवार्ड हासिल किया। जिससे विद्यालय में जश्न का माहौल है। विद्यालय निदेशक बलराज फौगाट ने बताया कि मिनी ने चार वर्ष पूर्व आल इंडिया रैंक वन से लिखित परीक्षा पास की थी और मेहनत के बल पर आज बेस्ट कैडेट का अवार्ड हासिल किया। दिल्ली परेड ग्राउंड में लेफ्टिनेंट रैंक से कमीशन प्राप्त किया। इनकी पहली पोस्टींग जम्मु मिलिट्री हॉस्पिटल में रहेगी। कड़ी मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के बल अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया। शपथ समारोह मिनी की बड़ी बहन डॉ. स्वेता, भाई डॉ. यश सहरावत भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एचडी स्कूल की पूर्व छात्रा कभी-कभी खेल-खेल में डॉ. का अभिनय करने वाली मेहनती छात्रा ने कक्षा नर्सरी से 12वीं तक की पढ़ाई एचडी स्कूल से कर मेडिकल संकाय से मैरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया था।



**बवानीखेड़।** श्रीलाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गुरु नानक देव जयंती कार्यक्रम में भाग लेती शिक्षिकाएं व विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

## गुरू नानकदेव के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के श्री लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गुरु नानक देव जी की जयंती बड़े हर्ष और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं 'इक ओंकार सतनाम' के मधुर जाप से हुआ, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्ति और शांति से भर गया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर भजन, कविताएँ, भाषण एवं शबद कीर्तन प्रस्तुत किए, जिनमें गुरु नानक देव जी के जीवन और उनके उपदेशों का सुंदर वर्णन किया। नानकदेव के तीन मुख्य सिद्धांत कृ "नाम जपो, कीरत करो, वंड छको ने सबको अपने जीवन में सच्चाई, परिश्रम और सेवा भाव अपनाने की प्रेरणा दी। पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता से ओतप्रोत हो उठा। अंत में प्रधानाचार्य श्रीमती सोनिका ढिंगडा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी का जीवन इस बात का प्रतीक है कि ईश्वर एक है और सभी मानव एक समान हैं। हमें सदैव सत्य, करुणा और सेवा के मार्ग पर चलना चाहिए।

### तोशाम विधानसभा क्षेत्र को लगभग पौने पांच करोड रुपए के नए विकास कार्यों की दी सौगात

# दक्षिणी हरियाणा के सभी नहरों का किया जाएगा नवीनीकरण : श्रुति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶तोशाम**

हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि दक्षिणी हरियाणा में बनी तमाम नहरों और खालों का नवीनीकरण किया जाएगा। इसके अलावा सार्वजनिक विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी आज गांव लोहानी में सिंचाई विभाग की तीन करोड़ 60 लाख की लागत से मैकेनिक वर्कशॉप का, सिमली में गली का, कैरू माइनर से ढाणी माहु, कैरू व नया गांव के पांच जोहड़ों के लिए लगभग 60 लख रुपए की लागत से पशु पेयजल सप्लाई लाइन का शिलानाश और गांव लड़ियावाली वाली में खेत खलिहान के तहत 29 लाख रुपए की लागत से बनने वाले रास्ते का उद्घाटन किया।

वहीं गांव देवराला में करोड़ों रुपए की लागत से बनाए गए आधुनिक तकनीक से बने भवन का लोकार्पण किया। यह भवन जिंदल परिवार की तरफ से बनाया गया है।


तोशाम। तोशाम में कार्यक्रम में पहुंची मंत्री का स्वागत करते हुए।

कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने किरावड़ व ढाणी किरावड़ सहित करीब आधा दर्शन गांव में विकास कार्यों का लोकार्पण करक लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही दूर करने तोशाम विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य तेज गति से करवाए जा रहे हैं। दक्षिण हरियाणा में पानी की नहरी पानी की कोई भी कमी नहीं रहने दी जाएगी। गांव में पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी का फूलमाला पुष्प गुच्छ से और महिलाओं द्वारा गीत गाकर गर्म जोशी से स्वागत किय।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता ओपी बिश्नोई, डीडीपीओ सोमबीर कादियान, शीशराम चेयरमैन, प्रदीप गोलागगढ़, दिलबाग सिंह, अमर सिंह एडवोकेट, कृष्णलेघा, एडवोकेट हरिसिंह, राजकुमार जांगड़ा, पूर्व चेयरमैन सुखबीर, सतबीर दिनोद, बीडीसी वाइस चेयरमैन बिटू किरावड, सत्यनारायण शर्मा, जयपाल चेयरमैन, अशोक देवराला, अनिल चेयरमैन आदि रहे।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश दिन दुनी रात चौगनी तरक्की कर रहाः कैबिनेट मंत्री

कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने आपने सम्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सरकार चहुँ मुखी विकास कार्य कर रही है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुझे सिंचाई एवं जल संसाधन तथा महिला बाल विकास विभाग जैसे बड़े विभागों का दायित्व सोप है। उसको मैं बखूबी से निभाकर लोगों के विकास कार्यों में कोई भी कमी नहीं रहने दूंगी। स्वर्गीय चौधरी बंसीलाल जी और स्वर्गीय चौधरी सुरेंद्र सिंह के पद चिन्हो पर चलकर राज्यसभा सांसद किरण चौधरी के मार्गदर्शन में विकास कार्यों में कोई भी कमी नहीं रहने दूंगी। भारत कृषि प्रधान देश है, हरियाणा भी कृषि प्रधान प्रदेश है। सिंचाई विभाग की तरफ से नहरो के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाया जा रहा है। तोशाम की जनता से हमारा पीढ़ी दर पीढ़ी लगाव है।

# महापुकार रैली की सफलता को बैठक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶बाढ़ड़ा**


बाढ़ड़ा। रैली व अन्य मांगों को लेकर बैठक करते ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

मुख्यमंत्री आवास कुरुक्षेत्र में नौ नवंबर को सफाई कामगार संघर्ष समिति हरियाणा के बैनर तले होने वाली महापुकार रैली तैयारियां को लेकर सफाई कर्मचारी बिजली घर के परिसर में मीटिंग हुई, जिसकी अध्यक्षता सुरेश कुमार जेवली ने की। यूनियन के महासचिव कामरेड विनोद कुमार सीटू उपाध्यक्ष सुखबीर सिंह ने मीटिंग में फैसला लिया कि ब्लॉक प्रधान सुमेर सिंह माडी हरिया यूनियन के विरोध गलत गतिविधियों में शामिल होने के कारण ब्लॉक प्रधान से हटाया गया है। संजय जीतपुरा को ब्लाक प्रधान नियुक्त किया गया है यूनियन के महासचिव कामरेड विनोद कुमार सीटू उपाध्यक्ष सुखबीर सिंह ने कहा कि काम में ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करने, सभी पार्ट टाइम, दैनिक वेतन भोगी, पालिका रोल व ठेकाप्रथा में लगे सभी सफाई व सीवर कर्मचारियो की नौकरी पक्का करवाने एवं शोषण, छटनी और पक्की भर्ती करने की मांग को लेकर अब प्रदेश के सभी सरकारी, अर्धसरकारी, निगम, बोर्ड, कॉरपोरेशन, यूनिवर्सिटी, श्राइन बोर्ड, पंचायत तथा पालिका, परिषदों, नगर निगमों के सीवर व सफाई कर्मचारी एकतावद होने शुरू हो गए हैं। ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति हरियाणा के बैनर तले 9 नवंबर को होने वाली सफाई कर्मचारियों की महापुकार रैली कुरुक्षेत्र में होने वाली 9 नवंबर की महा पुकार रैली का निमंत्रण दे रही हैं।

## कारीआदु का लाडला दीपक परीक्षा पास कर बना सीए, गांव में जश्न

**हरिभूमि न्यूज ▶▶बाढ़ड़ा**


सीए दीपक

गांव कारी आदु के लड़के दीपक अग्रवाल ने सीए की डिग्री हासिल करके बड़ी सफलता हासिल करके अपने गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गांव के लाड़ले की उपलब्धि पर खुशी का माहौल बना हुआ है। दीपक अग्रवाल पुत्र राजेश अग्रवाल ने बेहद विपरीत हालातों में पढ़ाई करके सीए की डिग्री हासिल की। उनकी इस उपल4धि पर गांव की सरपंच डॉ. ज्योति शर्मा ने बताया कि दीपक के पापा राजेश अग्रवाल ने बहुत छोटी सी उम्र में गांव छोड़ कर सूरत गुजरात में जाकर नौकरी करनी शुरू की थी। उन्होंने नौकरी के साथ साथ सूरत में अपना व्यापार शुरू किया और अपने बच्चों को अच्छे विद्यालय में पढ़ाया। उनके बेटे दीपक अग्रवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉमर्स से पढ़ाई करके सीए बनने का स्वप्न पूरा किया। दीपक अग्रवाल की इस उपलब्धि पर पूरे गांव कारी आदु में खुशी का माहौल है। सरपंच डॉ. ज्योति शर्मा के साथ साथ अजीत श्योराण, सुरेंद्र शर्मा, सोमबीर प्रजापत, राजपाल कांगडा, साधु इंदौरा, महावीर नंबरदार, मास्टर बलवंत, संजय उर्फ पप्पू आदि मौजूद रहे।

## राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला 14 को

**भिवानी।** राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान भिवानी के प्रांगण में दिनांक 14 नवम्बर को प्रातः नौ बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें फीटर, इलेक्ट्रीशियन, टर्नर, वेल्डर, मशीनिस्ट, मोटर मैकेनिक व्यवसायों के आईटीआई पास छात्र कैंपस प्लेसमेंट में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

आईटीआई के प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में हीरो मोटोकोर्प लिमिटेड दिल्ली जयपुर हाईवे धारुहेडा जिला रेवाड़ी हरियाणा भाग लेंगी, जिसमें फीटर, इलेक्ट्रीशियन, टर्नर, वेल्डर, मशीनिस्ट, मोटर मैकेनिक व्यवसायों के पास छात्र-छात्राएं हिस्सा ले सकते हैं।

## पूर्व मुख्यमंत्री बाबु बनारसीदास गुप्ता की जयंती पर हवन यज्ञ आज



**भिवानी।** पूर्व मुख्यमन्त्री बाबु बनारसीदास गुप्ता की 108वीं जयंती पर बुधवार सुबह 11 बजे बीडी गुप्ता स्मृति पार्क हांसी रोड में हवन यज्ञ एवं श्रद्धांसुमन अर्पित किए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए बाबु बनारसीदास गुप्ता फाऊंडेशन के अध्यक्ष एवं उनके सुपुत्र अजय बनारसीदास गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष की भाति बाबूजी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एव विभिन्न संस्थाओं के पधादिकारी शामिल होंगे।

# दादरी शहर के बीचों बीच बनेगा नया मुख्य मार्ग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶चरखी दादरी**

विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि दादरी शहर के बीचों-बीच स्थित चरखी दरवाजा से सिविल अस्पताल के बैक साइड क्षेत्र में महेंद्रगढ़ रोड तक नया रोड बनेगा। इसके लिए संबंधित विभाग द्वारा 331.64 लाख की विभागीय स्वीकृति मिल गई है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू करते हुए रोड का निर्माण शुरू करवा दिया जाएगा। इसके बनने से आसपास के अनेक गांवों के साथ शहर के निवासियों को काफी फायदा होगा।

विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि लोगों ने उनके समक्ष दादरी शहर के बीचों-बीच के चरखी गेट से महेंद्रगढ़ रोड तक जर्जर रोड बनवाने की मांग उठाई है। पिछले दिनों सीएम नायब सिंह सैनी से मिलकर दादरी शहर के रोड निर्माण की बात रखी। इसी कड़ी में स्थानीय शहरी विभाग द्वारा चरखी गेट से सिविल अस्पताल के बैक साइड महेंद्रगढ़ रोड तक का नया रोड निर्माण के लिए 3 करोड़ 31 लाख 64 हजार रुपए की विभागीय मंजूरी दे दी है। विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि अब आगामी दिनों में टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी और निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। इस रोड के निर्माण होने से अनेक गांवों के अलावा दादरी शहर के लोगों को भी काफी फायदा मिलेगा। विधायक ने बताया कि वे अपने संकल्प पत्र को पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं और आगामी दिनों में दादरी शहर के अन्य मुख्य मार्गों का नई सिरे से निर्माण करवाया जाएगा।

# सीजेएम ने नशामुक्ति केंद्र और सखी वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

- जिले को नशामुक्त बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग जरूरी : सीजेएम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी**


नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण करते सीजेएम पवन कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम)-कम-सचिव पवन कुमार ने मंगलवार को नशा मुक्ति केंद्र, बाल सेवा आश्रम एवं सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सीजेएम पवन कुमार ने नशा मुक्ति केंद्र में मरीजों से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर उनके इलाज, दिनचर्या, परामर्श सेवाओं तथा पुनर्वास संबंधी सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति का ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज का दुश्मन है, ऐसे में नशा मुक्ति केंद्रों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि यहां नशे के आदी लोगों को सही दिशा और जीवन में नया दृष्टिकोण मिलता है।

**दिए जरूरी निर्देश**

सीजेएम ने कहा कि नशा मुक्ति केवल दवाइयों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए परामर्श, मानसिक मजबूती और परिवार का सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने नशा मुक्ति केंद्र में मौजूद चिकित्सकों और कर्मचारियों से उपचार प्रक्रिया की जानकारी ली और मरीजों की सुविधा व स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीजेएम को नशा पीड़ित मरीजों ने बताया कि वे कैसे नशा की लत में गए और फिर कैसे समाज और परिवार से दूर हो गए थे। नशे की लत इंसान से उसकी सोचने-समझने की क्षमता छीन लेती है और जीवन को अंधकार की ओर धकेल देती है।

**बच्चों की पढाई की ली जानकारी**

सीजेएम पवन कुमार ने बाल सेवा आश्रम में रह रहे बच्चों की स्थिति का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई, खेलकूद और दैनिक गतिविधियों के बारे में पूछा और यह सुनिश्चित किया कि उन्हें स्वस्थ वातावरण और आवश्यक सुविधाएं मिल रही हैं।वहीं दूसरी ओर सखी वन स्टॉप सेंटर में जाकर उन्होंने वहां मौजूद व्यवस्थाओं की जानकारी ली और स्टाफ को निर्देश दिया कि मरीजों के इलाज के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी काम किया जाए। उन्होंने कहा कि पुनर्वास का सबसे बड़ा उद्देश्य यही है कि व्यक्ति अपने पैरों पर खड़ा हो सके और समाज में सम्मानजनक जीवन जी सके।इस अवसर पर पीएमओ डा. बलवान सिंह, डॉ. नंदनी, नशा मुक्ति केंद्र, बाल सेवा आश्रम एवं सखी वन स्टॉप सेंटर का स्टॉफ मौजूद रहे।

**नशा मुक्ति अभियान पर की चर्चा**

केंद्र में उपचार और परामर्श मिलने के बाद अब वे खुद में पहले से अधिक आत्मविश्वास महसूस कर रहे हैं और समाज की मुख्यधारा में लौट रहे हैं। वहीं अन्य मरीज ने सीजेएम को बताया कि यह केंद्र और यहां के डॉक्टर व काउंसलर न होते तो शायद वे कभी सामान्य जीवन में वापसी कर पाते। इसी प्रकार अनेक मरीजों ने अपने-अपने विचार साझा किए। निरीक्षण के दौरान सीजेएम ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान तभी सफल होगा जब समाज का हर वर्ग इसमें सक्रिय भागीदारी निभाए। प्राधिकरण समय-समय पर नशा मुक्ति, बाल अधिकारों और पुनर्वास से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता रहता है।

### रोजाना एक्सीडेंट होने का भय, करोड़ों बनाया रोड हो रहा क्षतिग्रस्त

# शहीद गुलाब सिंह पार्क के सामने पाइप लाइन लीकेज से बना गहरा गड्ढा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶बवानीखेड़ा**




बवानी खेड़ा के शहीद गुलाब सिंह पार्क के सामने स्थित हांसी-भिवानी मुख्य मार्ग पर पानी कनेक्शन के लीकेज होने से करोड़ों की लागत से बनाई गई सड़क में गहरा गड्ढा बन गया। ये गड्ढा दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है क्योंकि पीने के पानी की पाइपलाइन होने व विभाग द्वारा पीने के पानी की सप्लाई चलाने पर आए दिन यहां पानी के गुब्बारे चलते हैं, जिससे आने जाने वालों को खासी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हालांकि विभाग को जानकारी होने पश्चात भी विभाग इस दुरूस्त नहीं करवा रहा है। बता दें कि शहीद गुलाब सिंह पार्क के सामने एक दर्जन के करीबन रेहड़ी लगती है व सब्जी व फल विक्रेता भी पेट पालने के लिए सब्जी व फल बेचते हैं। गहरे गड्ढे में पानी जमा होने से भारी भरकम वाहनों को दिखाई न देने से जहां जोर की आवाजें आती है तो वाहन पलटने का भय बना रहता है। इस लीकेज को ठीक न करने के कारण बीते कुछ समय पहले बनाई गई करोड़ों की लागत से सड़क अपना अस्तित्व समाप्त करती जा रही है।

**निजी कनेक्शन में लीकेज, वे नहीं करवा सकते ठीकः जेई**

पाइप लाइन लीकेज के संबंध में जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ट अभियंता सचिन कौशिक ने बताया कि ये निजी कनेक्शन है, वे ठीक इसे ठीक नहीं करवा सकते, इसमें पीडब्ल्यूडी का हस्तक्षेप हो जाएगा। लीकेज को ठीक करवाने के लिए निजी कनेक्शन धारक को नोटिस दिया जाएगा।

## खुशी शॉटपुट में पाया प्रथम स्थान

**भिवानी।** भिवानी पब्लिक स्कूल की कक्षा सातवीं की छात्रा खुशी ने हाल ही में आयोजित शॉटपुट प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अंडर-14 वर्ग में भाग लेने वाली खुशी ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा और कड़ी मेहनत के बल पर ये उपलब्धि हासिल की। विद्यालय के प्रबंधन ने भी खुशी की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि ये उपलब्धि हमारे विद्यालय के लिए एक बड़ी सफलता है। निर्देशिका ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि उपलब्धि से न केवल विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर उज्ज्वल हुआ है।

## न्यूज डायरी


आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में गुरु नानकदेव जयंती कार्यक्रम में प्रस्तुति देते

### गुरु नानकदेव के उपदेशों एवं शिक्षाओं का दिया संदेश

**बवानीखेड़ा।** मिलकपुर स्थित आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में गुरु नानक देव जयंती बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी से हुई, जिसमें बच्चों ने गुरु वाणी का पाठ किया और पूरे विद्यालय परिसर में पवित्र वातावरण बना दिया। बच्चों ने मधुर भजनों के माध्यम से गुरु नानकदेव के उपदेशों और शिक्षाओं का संदेश दिया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और गुरुजी के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक बातें साझा की।


**चरखी दादरी।** प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि।

### भाषण प्रतियोगिता में प्रियंका प्रथम व कुसुम द्वितीय

चरखी दादरी। महिला महाविद्यालय झोझू कलां में हिन्दी विभाग द्वारा गुरू नानक देव की जयन्ती पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने गुरू नानक देव के जीवन, उनके प्रमुख उपदेशों तथा समाज में समानता, सत्य और सेवा के संदेश पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में एमए प्रथम वर्ष की छात्रा प्रियंका ने पहला स्थान, कुसुम ने दूसरा व शशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्या व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. मन्जू सांगवान ने छात्राओं को गुरू नानक के द्वारा बताए गए मार्ग, सत्कर्म, निःस्वार्थ सेवा भाव एवं भाईचारे को अपने जीवन में अपनाने का सन्देश दिया तथा विजेता छात्राओं को प्रशस्ति देकर सम्मानित किया।


**चरखी दादरी।** गुरु नानक के चित्र पर पुष्प अर्पित करते। फोटो : हरिभूमि

### आदर्श विद्यालय में मनाई गुरु नानक जयंती

**चरखी दादरी।** बौंद कलां स्थित आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गुरु नानक जयंती पर उत्सव मनाया। विद्यालय निदेशक प्रताप सिंह यादव ने गुरु नानक की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान छात्रों ने गुरु नानक देव के संदेशों को याद किया और उनके जीवन को महसूस किया। स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने इस अवसर पर साथ मिलकर भगवान नानक के उपदेशों की महत्वपूर्णता को समझा और उन्हें अपने जीवन में अमल में लाने का संकल्प लिया। एनसीसी इंचार्ज सेकंड ऑफिसर कंवर सिंह यादव ने बताया कि गुरु नानक जयंती को प्रकाश पर्व और गुरु पर्व के नाम से भी जाना जाता है, हर साल कार्तिक पूर्णिमा पर मनाई जाती है।



**भिवानी।** गुरू नानक देव जयंती पर प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### जयंती पर श्रीगुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष टेका मत्था

**भिवानी।** लिटल हार्टस ग्रुप ऑफ स्कूलस में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर विद्यार्थियों ने गुरूद्वारे में जाकर गुरू नानकदेव जयन्ती मनाई। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि लिटिल हार्टस कॉन्वेन्ट स्कूल के द्वितीय कक्षा के विद्यार्थियों की विशेष सभा का आयोजन किया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सर्वप्रथम विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की व शिक्षा के महत्व पर डिबेट की। इस अवसर विद्यार्थियों ने शिक्षा में महत्व को बढाने हेतु नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया व 'जीवन का आधार है शिक्षा' विषय पर आकर्षक कविता व शिक्षा थीम पर विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सामुहिक नृत्य की प्रस्तुती दी।


**भिवानी।** टेका सोजी मंदिर में पथवारी की पूजा करती महिलाएं आर्य कन्या स्कूल से कमलेश, मुन्नी देवी, सुनीता, स्नेह व बिमला।

### कन्याओं ने मंदिर में किया भजन कीर्तिन

भिवानी। कार्तिक मास का बारह महीनों में सबसे ज्यादा महत्व है, क्योंकि मास में सभी धार्मिक पर्व आते हैं। हिन्दू धर्म में कार्तिक माह को बहूत पवित्र माना जाता है। यह चातुर्मास का अंतिम महीना होता है। इसी माह में भगवान विष्णु निंद्रा से जागते हैं, इसदिन को देवउठनी एकादसी भी कहते हैं। इस महीने में तुलसी पूजा, दीपदान, पवित्र नदियों में स्नान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ती होती है। इस महीनें में भगवान विष्णू, शिव और लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व है। यह जानकारी टेका सोजी मंदिर के पूजारी सूरज पंडित ने सांझा की। उन्होंने कहा कि पुर्णिमा के दिन हवन आदि करके समाज की भगलाई के लिए पुर्णाहुति दी जाती है।


**भिवानी।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनाई गुरू नानक जयंती

**भिवानी।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मंगलवार को गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में भव्य एवं श्रद्धामय विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रथम सिख गुरुश्री गुरुनानक देव के महान जीवन, आदर्शों एवं शिक्षाओं से परिचित कराना तथा उनमें सत्य, करुणा और मानव सेवा के मूल्यों को विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ 'एक ओंकार' के उच्चारण के साथ हुआ। मंच संचालन का दायित्व नवम कक्षा की छात्राओं अर्पिता और तनु ने बहुत ही प्रभावशाली ढंग से निभाया। इसके उपरांत छात्राओं शुभी, इनायत और ऋतिका ने गुरुनानक देव के जीवन प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरु नानकदेव ने 'सर्वमानव एक समान' का संदेश दिया तथा समाज में फैली कुरीतियों और भेदभाव का विरोध किया।

## खबर संक्षेप

### मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कल

**नारनौल।** एमपीएचई एसोसिएशन की बैठक जिला प्रधान धर्मवीर यादव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिला प्रधान धर्मवीर यादव ने बताया कि नेशनल हेल्थ मिशन में कार्यरत बहुउद्देशीय महिला स्वास्थ्य कर्मियों की वर्षों से लंबित मांगों जैसे सरकार की ओर से नियमितीकरण की नीति बनाना, पक्के कर्मचारियों की तर्ज पर 4200 वेतनमान देना, वर्दी भत्ता व यात्रा भत्ता सहित सेवानिवृत्त राशि की व्यवस्था करवाना के लिए राज्य कमेटी के आह्वान पर छह नवंबर को पूरे प्रदेश में सिविल सर्जन कार्यालय पर हरियाणा सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

### यदुवंशी के हिमांशु ने सीए परीक्षा की उत्तीर्ण

**नारनौल।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन के प्रतिभाशाली छात्र हिमांशु चोयल ने सीए फाउंडेशन परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय, अभिभावकों व पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष की लहर दौड़ गई। विद्यालय की प्रातः सभा में हिमांशु का भव्य स्वागत व सम्मान किया गया। जहां विद्यार्थियों व शिक्षकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका अभिनंदन किया।

### 23 सितंबर से प्राइवेट एजेंटों की ओर से नई मंडी चेलावास में की जा रही है खरीद

# कनीना मंडी में 10354 गेट पास जारी 3.20 लाख क्विंटल बाजरे की आवक

> सरकारी शेड्यूल के मुताबिक 15 नवंबर तक हो सकती है बाजरे की खरीद : मार्केट कमेटी सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना



**कनीना।** अनाज मंडी चेलावास में आए किसानों के बाजरे भरे वाहन।

नई अनाज मंडी में चेलावास में बीती 23 सितंबर से शुरू हुई बाजरे की खरीद लगातार जारी है। मंगलवार को 185 गेट पास के मुकाबले 5903 क्विंटल सहित अब तक 10354 गेटपास के माध्यम से 3.20 लाख क्विंटल बाजरे की आवक हो चुकी है। सरकार की हिदायत अनुसार किसान अब किसान अपने पंजीकृत मोबाइल फोन से क्यूआर कोड के जरिए स्वयं गेटपास जनरेट कर मंडी पहुंच रहे हैं।

बाजरे की बंपर पैदावार के चलते मार्केट एवं कमेटी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक 24 सितंबर को 43 गेटपास के मुकाबले 1182 क्विंटल बाजरे की खरीद की गई। इसी प्रकार 25 सितंबर को 416 गेटपास के माध्यम से 11099 क्विंटल, 26 को 181 गेटपास जारी कर 4679 क्विंटल बाजरा, 27 को 24 गेटपास से 573 क्विंटल बाजरा, 29 को सात गेटपास व 157 क्विंटल बाजरा, 30 को तीन गेट पास 84 क्विंटल बाजरा खरीदा गया। एक अक्टूबर को चार गेटपास जारी किए गए और 118 क्विंटल बाजरा खरीदा गया, दो को एक गेटपास से 23 क्विंटल, तीन को 23 गेटपास से 590 क्विंटल, चार को 76 गेटपास से 1978 क्विंटल, छह को 44 गेटपास, 1114 क्विंटल, सात को 126 गेटपास से 3397 क्विंटल, आठ को 202 गेटपास से 5312 क्विंटल, नौ को 227 गेटपास से 5968 क्विंटल, 10 को 387 गेटपास से 10948 क्विंटल, 11 को 410 गेटपास से 12164 क्विंटल, 13 को 380 गेटपास से 11647 क्विंटल, 14 को 489 गेटपास से 15713 क्विंटल, 15 को 337 गेटपास से 9945 क्विंटल, 16 को 405 गेटपास से 13565 क्विंटल, 17 को 320 गेटपास से 10407 क्विंटल, 18 को 637 गेटपास से 21408 क्विंटल, 21 को 103 गेटपास से 3442 क्विंटल, 22 को 760 गेटपास से 26942 क्विंटल, 23 को 344 गेटपास से 11224 क्विंटल, 24 को 360 गेटपास से 11798 क्विंटल, 25 को 326 गेटपास से 9412 क्विंटल, 27 को 500 गेटपास से 14766 क्विंटल, 28 को 633 गेटपास से 18387 क्विंटल, 29 को 708 गेटपास से 22648 क्विंटल, 30 को 953 गेटपास से 29474 क्विंटल, 31 को 740 गेटपास से 24206 क्विंटल तथा तीन नवंबर को 185 गेटपास से 5903 क्विंटल बाजरे की प्राइवेट खरीद की गई है।

#### 15 नवंबर तक जारी रहेगी खरीद

बाजरे की खरीद 15 नवंबर तक जारी रहने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर जिन किसानों की ओर से फसल खराबे की जानकारी अपलोड की गई थी, उससे कहीं अधिक बाजरे की आवक हो चुकी है। सरकार की ओर से 575 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से भावांतर भरपाई देने की घोषणा की गई है।

#### क्या कहते है मार्केट कमेटी सचिव

*मार्केट कमेटी के सचिव अजीत सिंह ने बताया कि सितंबर माह से शुरू हुई बाजरे की खरीद 15 नवंबर तक जारी रहने की संभावना है। किसान बाजरे के वाहन मंडी में लेकर पहुंच रहे हैं। जहां प्राइवेट एजेंट्स की ओर से 1800 से 1950 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद की जा रही है। किसानों की सुविधा के लिए मार्केट कमेटी की ओर से दो धर्म कांटे संचालित किए गए हैं। किसानों के लिए बिजली व पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है।*



**नारनौल।** सड़क बीच में खड़े खंभे को दिखाते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# सड़क के बीच खड़े खंभों को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने धनौन्दा से गाहड़ा संपर्क सड़क मार्ग के बीच में खड़े बिजली के खंभों को तत्काल हटाने की मांग की है। अतरलाल ने गांवों के लोगों की शिकायत पर सड़क का निरीक्षण करने के बाद कहा कि धनौन्दा से गाहड़ा संपर्क सड़क के बीच में खड़े बिजली के 11 खंभों के कारण आने जाने वाले यात्री व वाहनों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ये खंभे सड़क के बीचों बीच में खड़े हैं। जिससे कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी। रात को वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। परेशान व पीड़ित लोगों की गुहार के बाद भी बिजली निगम के अधिकारी कुंभकरणी नींद में सोए हुए हैं। इस अवसर पर लोगों ने विद्युत मंत्री अनिल विज को प्रेषित ज्ञापन अतरलाल को सौंपा।

अतरलाल को ज्ञापन सौंपकर बिजली के खंभे सड़क के बीच से हटाकर सड़क किनारों पर स्थानांतरित करने की मांग की। अतरलाल ने लोगों की मांग को जायज बताते हुए उनके ज्ञापन को तत्काल विद्युत मंत्री को भेजने का भरोसा दिया। उन्होंने बिजली निगम के एससी, एक्सईएन, एसडीओ से तत्काल सड़क का निरीक्षण कर सड़क के बीच में खड़े खंभों को हटाने की मांग की।

# आरपीएस विद्यालय में गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर निकाली प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** रैली निकालते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आरपीएस विद्यालय द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने गुरु नानक देव के जीवन और उनकी शिक्षाओं से प्रेरित होकर विभिन्न प्रस्तुतियां दी। प्रभातफेरी के दौरान विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने एक साथ मिलकर गुरु नानक देव के संदेशों को फैलाया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने की, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने की। प्रभात फेरी के दौरान भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिसमें लख खुशियां पातशाइयां जे सतगुरु नदर करे, निमख एक हर नाम देव मेरा मन, तन शीतल होए और नानक जग माही पाठ पठाया, कल तारन गुरु नानक आया जैसे भक्ति गीत गाए गए। मुख्यातिथि के रूप में विद्यालय ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन गुरु नानक जयंती मनाई जाती है। ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव और डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने भी अपनी शुभकामनाएं दी। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि गुरु नानक देव ने समाज की अज्ञानता को दूर किया और ज्ञान का दीपक जलाया, इसी कारण इस दिन को प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में विंग हैड साक्षी मलिक सहित विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

# आरपीएस की दिवाक्षी का बॉलीवुड फिल्म में क्लासिकल डांस के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** छात्रा दिवाक्षी को सम्मानित करते परिवार सदस्य। फोटो : हरिभूमि

आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद की 9वीं कक्षा की छात्रा दिवाक्षी का चयन बॉलीवुड मूवी कला एक संघर्ष में क्लासिकल डांस के लिए किया गया है। यह फिल्म नृत्य और संघर्ष पर आधारित है और दिवाक्षी का चयन इस फिल्म के लिए उनकी बेहतरीन परफॉर्मेंस के आधार पर हुआ। इससे पहले भी आरपीएस के छात्र मयंक कौन बनेगा करोड़पति में हॉट सीट पाकर वहां से करोड़पति का खिताब जीत चुका है। दिवाक्षी ने एक नवंबर को दिल्ली में आयोजित ऑडिशन में भाग लिया था, जहां फिल्म के डायरेक्टर मि. अली रॉय और सपना सिंह ने उनकी नृत्य प्रस्तुति की सराहना की और उन्हें फिल्म में शामिल करने का निर्णय लिया।

दिवाक्षी की इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव, प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी और शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महेंद्रगढ़ निवासी दिवाक्षी की सफलता की कहानी न केवल उनके नृत्य कौशल, बल्कि उनकी निरंतर मेहनत और समर्पण का परिणाम है। दिवाक्षी के पिता दीपक व माता ज्योति ने बताया कि वह बचपन से ही नृत्य में रुचि रखती थीं। ढाई साल की उम्र में ही दिवाक्षी ने स्टेज पर नृत्य प्रस्तुतियां देना शुरू कर दिया था। उनके इस संघर्ष और समर्पण को देखकर आरपीएस विद्यालय के फाउंडर डायरेक्टर डॉ. ओपी यादव ने भविष्यवाणी की थी कि दिवाक्षी एक दिन अपना नाम रोशन करेगी।

आज दिवाक्षी अपनी मेहनत और कड़ी लगन से डॉ. ओपी यादव के सपने को साकार कर रही हैं। यहां तक पहुंचने में दिवाक्षी ने कई सालों तक कड़ी मेहनत की है। उन्होंने नेशनल यूनियन क्लासिकल डांसर का खिताब भी जीता है और राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। उनके प्रदर्शन ने न केवल अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि उन्होंने अपने गांव और समाज में भी कला के प्रति जागरूकता और सम्मान बढ़ाया है।

फिल्म कला एक संघर्ष में दिवाक्षी के साथ बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता मुस्ताक खान, प्रदीप कावरा, इकरार मल्लिक (यू-ट्यूबर) और डीआईडी के द्वितीय विजेता हरुण राव भी महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव कहा कि दिवाक्षी की मेहनत और समर्पण ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया है।

#### मेहनत का परिणाम

*हमें गर्व है कि हमारी संस्था में ऐसी प्रतिभाएं पनप रही हैं। आरपीएस सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि यह उनकी कठिन मेहनत और निरंतर प्रयास का परिणाम है। वह हमेशा अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रही हैं और हम विश्वास करते हैं कि वह आगे भी नई ऊंचाइयों को छूएगी।*

#### विद्यालय व क्षेत्र का नाम किया रोशन

# एचपीएस की छात्रा ईशा ने सीए परीक्षा में प्राप्त की सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल की छात्रा ईशा पुत्री रतनलाल ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा सितंबर माह में आयोजित की गई थी। जिसका परिणाम सोमवार को घोषित किया गया। ईशा ने बताया कि वह अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व एचपीएस के गुरुजनों को देती हैं। उन्होंने कहा कि उनका सपना एक सफल चार्टर्ड अकाउंटेंट बनकर देश की आर्थिक प्रगति में योगदान देने का है। कॉमर्स विभाग के एचओडी डॉ. मनोज गर्ग ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि ईशा प्रारंभ से ही होनहार छात्रा रही हैं और उन्होंने 12वीं कक्षा में भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए थे। उन्होंने कहा कि आज के समय में डॉक्टर व इंजीनियर की तरह सीए का भी समाज में विशेष महत्व है। सीए बनने के बाद व्यक्ति वित्तीय परामर्श, लेखांकन व कर संबंधी कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संस्थान के डीन मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव ने छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था के एमडी डॉ. हितेश वर्मा, निधि वर्मा व निर्देशक पुष्करमल वर्मा ने भी ईशा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की।

> अहीर कॉलेज रेवाड़ी को एकतरफा हराया

# आरपीएस कॉलेज बना इंटर कॉलेज फुटबॉल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** ट्रॉफी के साथ विजेता टीम। फोटो : हरिभूमि

आरपीएस डिग्री कॉलेज की फुटबॉल टीम ने इंटर-कॉलेज फुटबॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया है। यह दो दिवसीय टूर्नामेंट तीन और चार नवंबर को अहीर कॉलेज रेवाड़ी में आयोजित किया गया था, जिसका सफल संचालन इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा किया गया। आरपीएस कॉलेज की टीम ने फाइनल मुकाबले में मेजबान अहीर कॉलेज रेवाड़ी को 4-0 के भारी और निर्णायक अंतर से पराजित किया। आरपीएस के खिलाड़ियों ने पूरे मैच के दौरान उत्कृष्ट तालमेल, असाधारण कौशल और आक्रामक खेल रणनीति का प्रदर्शन किया, जिससे विपक्षी टीम गोल करने का कोई मौका नहीं बना सकी। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव एवं सीईओ मनीष राव ने कहा इस जीत ने आरपीएस कॉलेज की खेल प्रतिभा और अथक अभ्यास को प्रमाणित किया है। टीम ने टूर्नामेंट में अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी और क्लीन स्वीप के साथ चैंपियनशिप जीती। यह प्रतिष्ठित इंटर-कॉलेज फुटबॉल चैंपियनशिप इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा आयोजित की गई थी। इस ऐतिहासिक जीत पर आरपीएस डिग्री कॉलेज के निदेशक डॉ. महेश यादव, कुलसचिव डॉ. देवेंद्र यादव एवं अधिष्ठाता डॉ. हेमंत कुमार ने टीम को बधाई दी है। प्राचार्य डॉ. देवेंद्र सिंह कादयान ने कहा कि यह जीत हमारे कॉलेज के लिए गौरव का विषय है। टीम के कोच सुनील ढिल्लो, सज्जन सिंह, धीरज, रमेश शर्मा, विक्रम सिंह और मंजू देवी ने भी खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने लगातार अभ्यास किया और हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया।

### लेबर सेफ्टी कानूनी जागरूकता कैंप आयोजित

**नारनौल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी नीलम कुमारी के मार्गदर्शन में मंगलवार को लेबर चौक पर श्रमिक सुरक्षा अभियान व लेबर सेफ्टी कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता गजानन्द दोचानिया ने कहा कि श्रमिकों के आठ घंटे काम के निंधारित किए हुए हैं और अगर किसी श्रमिक का श्रम कोई व्यक्ति देने से इंकार करता है या कोई अन्य समस्या हो तो लेबर हेल्पलाइन नंबर 18001800999 पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के कई अधिकार हैं, जैसे काम करने का अधिकार, रोजगार के स्वतंत्र विकल्प का अधिकार, बेरोजगारी से सुरक्षा का अधिकार, ट्रेड यूनियन बनाने व उनमें शामिल होने का अधिकार व काम करने का समय निंधारित किया हुआ है।

### विद्या भारती स्कूल में निकाली प्रभातफेरी




**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में गुरु नानक जयंती के पावन अवसर पर विशेष अरदास व बच्चों की ओर से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव व वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत गुरु ग्रंथ साहिब जी के आगे अरदास के साथ की। इसके बाद विद्यार्थियों ने गुरुनानक देव जी के उपदेशों पर आधारित सुंदर शब्द गाए। जिससे पूरा वातावरण श्रद्धा व भक्ति की भावना व्याप्त हो गई। प्राचार्य विनोद यादव व किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी ने बच्चों को गुरुनानक देव जी के आदर्श सत्य, सेवा व समानता को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। अंत में संस्था के प्रबंध निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव व निदेशक रविन्द्रा यादव ने सभी को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर संस्था की उपप्राचार्य सपना मल्होत्रा सहित सभी अध्यापकगण उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** कर्मचारियों के वित्तीय सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण पहल

# हकेंवि में हुआ नेशनल पेंशन स्कीम पर जागरूकता सत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** हकेंवि में एनपीएस पर केंद्रित कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित करती कीर्ति शर्मा। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा एक्सिस बैंक के सहयोग से विश्वविद्यालय कर्मचारियों के लिए नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य कर्मचारियों में एनपीएस की संरचना, लाभ एवं पंजीकरण प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, जिससे वे भविष्य के लिए वित्तीय रूप से सुरक्षित और सुव्यवस्थित सेवानिवृत्ति की योजना बना सकें। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश में कर्मचारियों के लिए एनपीएस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन के उत्तरार्ध में वित्तीय तैयारी अत्यंत आवश्यक है, और ऐसे योजनाएं कर्मचारियों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती हैं।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता एक्सिस बैंक की असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट (गवर्नमेंट एनपीएस) कीर्ति शर्मा ने एनपीएस की रूपरेखा, उद्देश्य, लाभ, निवेश विकल्प, कर लाभ एवं आहरण से संबंधित नियमों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने टियर-1 एवं टियर-2 खातों की विशेषताओं के साथ-साथ प्रोटियन एप्लिकेशन के उपयोग की भी जानकारी दी, जिससे कर्मचारी अपने लाभों को अधिकतम कर सकें। शर्मा ने प्रतिभागियों को पंजीकरण एवं अंशदान प्रक्रिया के व्यावहारिक पहलुओं से भी अवगत कराया और बताया कि कर्मचारी किस प्रकार सरलता से अपने एनपीएस खातों का प्रबंधन कर सकते हैं। सत्र के अंत में एक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। यह कार्यक्रम ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल निदेशक डॉ. दिव्या के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने विशेषज्ञ वक्ता का सम्मान किया तथा डॉ. विकास सिवाच ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विश्वविद्यालय द्वारा कर्मचारियों के व्यक्तिगत एवं वित्तीय कल्याण हेतु की जा रही इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की।

# हैप्पी स्कूल के दो छात्रों ने रचा इतिहास, बने चार्टर्ड अकाउंटेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



निखिल मित्तल



दिव्या अग्रवाल

हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने एकबार फिर अपने नाम सफलता की सुनहरी इबारत लिखी है। विद्यालय के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थी दिव्या अग्रवाल पुत्री अजय अग्रवाल और निखिल मित्तल पुत्र ईश्वर मित्तल ने आईसीएआई भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान द्वारा घोषित सीए फाइनल परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय और अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया है। सितंबर 2025 में आयोजित इस प्रतिष्ठित परीक्षा का परिणाम तीन नवंबर को घोषित हुआ, जिसमें दोनों विद्यार्थियों ने अपने परिश्रम, दृढ़ निश्चय और अनुशासन के बल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया। विद्यालय कॉमर्स विभाग के अध्यापक पवन कुमार और अध्यापिका संतोष यादव के मार्गदर्शन और सतत परिश्रम ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके सटीक निर्देशन और प्रोत्साहन ने छात्रों को उच्च लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा दी। विद्यालय संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल, उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल तथा प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता हैप्पी स्कूल की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा और समर्पित शिक्षकों का परिणाम है। संचालक मनीष अग्रवाल ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। दिव्या और निखिल ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। हमें उन पर गर्व है। विद्यालय स्टाफ ने दोनों छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए आगे भी इसी प्रकार सफलता की नई ऊंचाइयां प्राप्त करेंगे और समाज को प्रेरणा देंगे।